


# सांध्य दैनिक 4PM

जिद...सच की

www.4pm.co.in | www.facebook.com/4pmnewsnetwork | @Editor_Sanjay | YouTube @4pm NEWS NETWORK

● वर्ष: 10 ● अंक: 192 ● पृष्ठ: 8 ● लखनऊ, शनिवार, 17 अगस्त, 2024

मूल्य ₹ 3/-




मैंने एक बार पढ़ा था कि जो लोग दूसरों को पढ़ते हैं वो बुद्धिमान होते हैं, लेकिन जो खुद को पढ़ते हैं वो प्रबुद्ध होते हैं।

रॉबिन शर्मा


मप्र में कांग्रेसियों को यातनाएं दी... 7 | बिहार में जारी है सियासी... 3 | भाजपा से जुड़े आरोपियों को... 2


# बस एक ही सवाल! बिटिया को कब मिलेगा इंसाफ

» ट्रेनी डॉक्टर रेप-मर्डर केस में पूरे देश में कोहराम

» सियासी बवाल भी जारी, भाजपा ने बंगाल सरकार को घेरा

» आईएमए का 24 घंटे के लिए अस्पतालों में बंदी का आह्वान




फोटो: सुमित कुमार

### पीएम मोदी से हस्तक्षेप करने की मांग

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोकन ने कहा, अब सरकार को जवाब देना होगा। हमारी एक ही मांह है, मौलिक अधिकार, जीवन का अधिकार, हम प्रधानमंत्री को लिखेंगे, उनके हस्तक्षेप का समय आ गया है, प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 15 अगस्त के भाषण में महिला सुरक्षा का उल्लेख किया है, जो दिखाता है कि वह चिंतित हैं।

## कोलकाता के आरजी कर अस्पताल पहुंची सीबीआई की टीम

» कांग्रेस समेत कई दलों ने सीएम से की जल्द न्याय की मांग

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

कोलकाता। कोलकाता में एक ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप और मर्डर मामले में पूरे देश में कोहराम मचा हुआ है। इसी के साथ सियासत भी खूब हो रही है। पर पीड़िता के परिजनों व आम लोगों ने नेताओं से एक ही बात कही है कि इंसाफ कब होगा। भाजपा समेत कई पार्टियां पश्चिम बंगाल की ममता सरकार पर हमलावर हैं। कई नेता सीएम से इस्तीफा मांग रहे हैं। उधर सीबीआई की टीम अपराध स्थल की डिजिटल मैपिंग के लिए आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल पहुंची है।

वहीं पूरे देश के अस्पताल व चिकित्सक इस घटना के खिलाफ धरना प्रदर्शन जारी रखे हुए हैं। सीबीआई कई लोगों के बयान दर्ज कर रही है, जो की पीड़िता से सीधे तौर पर जुड़े हुए थे और घटना से पहले उससे मिले थे, सीबीआई संजय राय के मोबाइल फोन की डिटेल्स को भी खंगाल रही है, साथ ही उसकी मोबाइल लोकेशन ट्रेस करके उस रात की मूवमेंट को जांच रही है।

### अगर सेफ्टी नहीं तो ड्यूटी नहीं : डॉक्टर्स की मांग

कोलकाता में रेप और मर्डर मामले में पूरा देश गुस्से में है। डॉक्टर लगातार विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। आज भी डॉक्टर्स हड़ताल पर है, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने बताया कि यह हड़ताल 24 घंटे तक चलेगी। माना जा रहा है कि इससे मरीजों को परेशानी हो सकती है। हालांकि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का कहना है कि सिर्फ ओपीडी बंद रहेगी, इमरजेंसी सेवाएं चलती रहेंगी। एक्शन कमेटी के चेयरमैन डॉ. विनय अग्रवाल ने सरकार से डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। देश के सभी छोटे-बड़े अस्पतालों में आज सुबह 6 बजे से हड़ताल शुरू हुई, जो अगले दिन रविवार की सुबह 6 बजे तक चलेगी।

### वामपंथी और भाजपा के बीच की साठगांठ उजागर हो : ममता



मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार चाहती है कि सच्चाई सामने आए और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वामपंथी और भाजपा के बीच की साठगांठ को उजागर किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि सच्चाई सामने आए, लेकिन कुछ लोग लोगों को गुमराह करने के लिए झूठ फैला रहे हैं। मैं पूरी रात जागती रही, क्योंकि मेरा सीना जल रहा था।

### राज्य की स्थिति के लिए सीएम ममता जिम्मेदार : राज्यपाल



कोलकाता आरजी कर मेडिकल कॉलेज की महिला ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप व मर्डर के बाद अस्पताल परिसर में हुई तोड़फोड़ को लेकर राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने कहा है कि तोड़फोड़ और घोटाले, राज्य में नागरिक जीवन को प्रभावित कर रहे हैं, राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने राज्य की स्थिति के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराया।

# राज्यपाल की मंजूरी के बाद सिद्धारमैया पर चलेगा मुकदमा

» मैसूर भूमि घोटाले मामले में दिया आदेश

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

बेंगलुरू। कर्नाटक के राज्यपाल ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) से भूमि आवंटन में कथित घोटाले की शिकायत में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर मुकदमा चलाने की शनिवार को अनुमति दे दी। राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने मुडा घोटाले को उजागर करने वाले आरटीआई कार्यकर्ता टीजे अब्राहम को शनिवार को दोपहर 3 बजे राजभवन में उनसे मिलने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री पर मुकदमा चलाने के लिए राज्यपाल की अनुमति की आवश्यकता होती है। 2021 में, मुडा ने विकास के लिए मैसूर के केसारे गांव में पार्वती सिद्धारमैया के 3 एकड़ के भूखंड का अधिग्रहण किया। बदले में, उन्हें दक्षिण मैसूर के विजयनगर इलाके में अन्य भूखंड आवंटित किए गए। दावों के अनुसार, विजयनगर भूखंडों का बाजार मूल्य केसर में उनकी मूल भूमि की तुलना में काफी अधिक है।



### राज्यपाल की अनुमति को अदालत में चुनौती देंगे सीएम

मुख्यमंत्री द्वारा अभियोजन के लिए राज्यपाल की अनुमति को अदालत में चुनौती दिए जाने की संभावना है। कर्नाटक में एक बड़ा राजनीतिक विवाद बन चुके मुडा घोटाले के आरोपों में मुडा द्वारा भूमि आवंटन में अनियमितताओं के आरोप शामिल हैं। आरोप है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती सिद्धारमैया को इन अनियमितताओं से लाभ मिला।

# विनेश के भारत पहुंचने पर जोरदार स्वागत

» लोगों को देखकर फफक कर रो पड़ीं चैंपियन

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती स्टार विनेश फोगट पेरिस ओलंपिक में दिल टूटने के बाद पहली बार भारत पहुंचीं, और इस स्टार का भव्य स्वागत किया गया, जिससे उनकी आंखों से आंसू छलक आए। पहलवान के लिए एक उथल-पुथल भरे और चिंताजनक सप्ताह के बाद, विनेश 17 अगस्त को दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरीं, और उनका जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत समारोह को देखकर विनेश भावुक हो गई और रो पड़ीं।

विनेश के दिल्ली पहुंचने से पहले ही, भारतीय पहलवान के प्रशंसक, दोस्त और परिवार के लोग दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाहर बड़ी संख्या में एकत्र हो गए थे। विनेश का भारत लौटने पर पूर्व पहलवान साक्षी मलिक और बजरंग पुनिया ने भी स्वागत किया, जिन्होंने पेरिस खेलों की स्टार को गले लगाकर बधाई दी। एक भावुक क्षण में, विनेश और साक्षी मलिक दोनों को हवाई अड्डे के बाहर गले मिलते हुए देखा जा सकता था।



### बहनों ने बंधाया ढांढस



साझा किए गए वीडियो में देश की बेटी के चेहरे पर साफतौर से असफलता के आंसू देखे जा सकता हैं। हालांकि, इस दौरान उनकी बहनों ने उनको ढाढ़स बंधाया. इसके बावजूद वह अपने आंसुओं को संभाल नहीं सकीं। महिला स्टार का स्वागत करते हुए साक्षी मलिक ने कहा, विनेश ने जो देश के लिए किया है, वो बहुत कम ही लोग कर पाते हैं, इसलिए मैं बस चाहती हूं कि उनसे जितना हो सके उतना मान सम्मान दिया जाए। वहीं जब पत्रकारों ने साक्षी मलिक से सरकार की तरफ से मिले समर्थन के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा, सरकार ने पूरी मदद की इसके मेडल के लिए।

# भाजपा से जुड़े आरोपियों को बचाती है पुलिस : अखिलेश

## युवती से बदसलूकी मामले में योगी सरकार पर लगाया पक्षपात करने का आरोप

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर तीखा हमला किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस सरकार के इशारे पर काम कर रही है जबकि सरकार को न्याय करना चाहिए। दरअसल पूर्व सीएम गत दिनों लखनऊ के गोमती नगर में बारिश के समय एक महिला के साथ अभद्रता में पकड़े गए आरोपी से मिलने के बाद अपनी बात कही ।**

पूर्व सीएम ने कहा कि घटना में भाजपा के लोग भी थे लेकिन निशाना केवल पवन यादव को बनाया गया। सभी दोषियों के मां-बाप के साथ नाम जारी करना चाहिए। लखनऊ में गोमती नगर इलाके में बारिश में पानी से भरी सड़क से गुजरती युवती से बदसलूकी के मामले ने राजनीतिक रंग ले लिया है। बृहस्पतिवार को स्वतंत्रता दिवस पर इस मामले के आरोपी पवन यादव ने अखिलेश यादव से मुलाकात की। पवन ने खुद को बेकसूर बताते हुए कहा कि उसके नाम के आगे यादव लिखा है, इसीलिए उसे फंसाया गया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि यह लड़का वहां चाय पीने गया था, लेकिन इसे पुलिस वालों ने पकड़ लिया। उन्होंने कहा ये जाँच का विषय है जिसके बाद ये लोग छूट जाएंगे।



### पुलिस भाजपा के इशारे पर कर रही काम

वहीं, अखिलेश यादव ने पुलिस पर सरकार के इशारे पर काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस घटना में भाजपा के भी खास लोग थे। अखिलेश यादव ने कहा कि गोमती नगर घटना में जो लड़के पकड़े गए और जिसका विधानसभा में नाम लिया गया, वह मिलने आया है। अखिलेश ने आगे कहा कि जिन अधिकारियों ने अपना रुतबा बढ़ाने और सरकार की इमेज बनाने के लिए इनको पकड़ा और थाने में ले जाकर हाथ जोड़कर तस्वीर छापी। मैं उनसे कहूँगा कि उनको मत भूलना और मैं भी उनको नहीं भूलूँगा। विधानसभा में और भी नाम पढ़े जाने चाहिए थे, लेकिन केवल दो नाम पढ़े गए।

### कोर्ट ने आरोपी को दोषमुक्त नहीं किया है : पुलिस

अखिलेश के बयान के बाद लखनऊ पुलिस ने भी एक बयान जारी किया। इसमें कहा गया कोर्ट ने आरोपी को दोषमुक्त नहीं किया है। पवन पर तीन मुकदमे पहले से ही दर्ज हैं, जिनमें चार्जशीट लग चुकी है। पवन को क्लीनचिट नहीं दी गई है और सबूतों के आधार पर ही कार्रवाई की गई है। कोर्ट ने भी उसे दोषमुक्त नहीं किया है। मामले में अभी भी विवेचना जारी है।

# काश! ऐसी बारिश आए जिसमें अहम डूब जाए, घमंड चूर-चूर हो जाए : वसुंधरा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**जयपुर/ उदयपुर। लगता है राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे अपनी पार्टी भाजपा से नाराज हैं। ऐसी चर्चा सियासी गलियों में चल रही है। दरअसल राज्य की दिग्गज नेता ने एक बार फिर इशारों ही इशारों में बहुत बड़ी बात कही दी।**



राजे ने दो पंक्तियों में अपनी बात कुछ ऐसे कही कि इसे पूर्व सीएम का दर्द समझें या किसी को दी गई सलाह! राजे ने उदयपुर में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि काश ऐसी बारिश आए, जिसमें अहम डूब जाए, घमंड चूर-चूर हो जाए। उनके इस बयान के बाद पार्टी में एक बार फिर हलचल मच गई है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर उदयपुर पहुंचीं और सलूम्बर विधायक अमृतलाल मीणा के घर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने कहा है कि आदिवासियों की आवाज उठाने वाले एक लोकप्रिय नेता के निधन से भाजपा को बड़ी क्षति हुई है। इससे पहले पूर्व सीएम राजे ने ऋषभदेव मंदिर में जैन संत आचार्य पुलक सागर महाराज के ज्ञान गंगा महोत्सव को संबोधित किया। पूर्व सीएम के इस संबोधन को लेकर प्रदेश में सियासी चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

# सीएम के हिसाब से जेल या बेल : तेजस्वी यादव

» **बाहुबली अनंत सिंह के जेल से निकलने पर राजद का नीतीश पर बड़ा हमला**

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**वैशाली। बाहुबली और पूर्व विधायक अनंत सिंह के जेल से निकलते ही बिहार में सियासत गरमा गई है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने अनंत सिंह के जेल से निकलते ही सीएम नीतीश कुमार पर बड़ा आरोप लगा दिया है। उन्होंने राघोपुर में कहा कि चुनाव में जिसकी जरूरत मुख्यमंत्री को होता है उसे जेल से निकाल लेते हैं। फिर जेल भिजवा देते हैं। तेजस्वी यादव के इस बयान के बाद सियासत गरमाने लगी है।**

इधर, राजनीतिक पंडितों का कहना है कि तेजस्वी यादव इस बात की ओर इशारा कर रहे थे कि अनंत सिंह को जेल भिजवाने के पीछे भी नीतीश कुमार का ही हाथ था।



तत्कालीन आईपीएस अधिकारी लिपि सिंह द्वारा की गई कार्रवाई के बाद अनंत सिंह के ठिकाने से एके 47 और बुलेट प्रूफ जैकेट बरामद किया गया था। निचली अदालत से अनंत सिंह को सजा हुई और उन्हें जेल भी जाना पड़ा। दो दिन पहले पटना हाईकोर्ट ने उन्हें बरी कर दिया।

यादव अपने विधानसभा क्षेत्र राघोपुर में दौरा करने पहुंचे। उन्होंने तमाम घाटों का निरीक्षण किया। इसके बाद स्थानीय लोगों से मुलाकात भी की। वही स्थानीय लोगों की समस्या को भी तेजस्वी यादव ने सुना।




# हम चुनाव को तैयार हैं : उमर अब्दुल्ला

## चुनाव तारीखों के एलान के बाद नेताओं की प्रतिक्रिया


4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**जम्मू। जम्मू-कश्मीर में तीन चरण में चुनाव होगा। 18 सितंबर को पहले चरण का मतदान होगा। 25 सितंबर को दूसरा फेज और एक अक्टूबर को तीसरे फेज के लिए मतदान होगा। जबकि चार अक्टूबर को मतगणना होगी। चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद राजनीति दलों के नेताओं की प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं।**

नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने एक्स अकाउंट पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि हाल के चुनावों की स्याही का निशान गया नहीं है और हम चुनावी मोड में वापस आ गए हैं। हम तैयार हैं! गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के लोगों से चुनाव में सक्रिय रूप से भाग लेने और ऐसी सरकार बनाने के लिए वोट डालने की अपील की, जो वहां शांति बनाए रखे। साथ ही युवाओं के उज्जवल भविष्य को सुनिश्चित करे।



### विस चुनाव लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूती देगा : अमित शाह



गृहमंत्री अमित शाह ने एक्स अकाउंट पर लिखा, मैं चुनाव आयोग द्वारा आज जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा का स्वागत करता हूं। पिछले 10 वर्षों में, मोदी सरकार के अथक प्रयासों से जम्मू-कश्मीर में शांति, विकास और लोकतंत्र को मजबूत करने का एक नया युग बना है। विधानसभा चुनाव लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूती देगा, क्षेत्र के लिए विकास के नए द्वार खोलेगा।

### सभी पार्टियों की अकेले ही चुनाव लड़ने की मंशा

जम्मू-कश्मीर में दस साल के अंतराल में विधानसभा चुनाव की डुगडुगी बज चुकी है। अनुच्छेद 370 हटने के बाद बदले माहौल के बीच नए जम्मू-कश्मीर में यह पहला विधानसभा चुनाव होगा। यह चुनाव कई मायनों में महत्वपूर्ण होगा। इस चुनाव पर देश-दुनिया की निगाहें टिकीं हुई हैं। इस चुनाव के लिए लोकसभा चुनाव की तरह किसी भी दल के बीच गठबंधन सामने नहीं दिख रहा है। कभी लोकतंत्र व संविधान में आस्था न जताने वाले अलगाववादी चेहरों के भी मैदान में उतरने की संभावना जताई जा रही है। परिस्थितियां बदल गई हैं तो भाजपा के साथ सुर मिलाने वाली अपनी पार्टी तथा पीपुल्स कांफ्रेंस के भी सुर बदले हुए हैं। पीडीपी और पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी भी विधानसभा में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने के लिए कसरत करती दिख रही है।


# राहुल गांधी ने केजरीवाल को दी जन्मदिन की बधाई

» **बोले, अन्याय के खिलाफ लड़ाई में 'इंडिया' आप के साथ है**

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि अन्याय के खिलाफ लड़ाई में विपक्षी गठबंधन इंडिया दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ है। गांधी ने यह टिप्पणी केजरीवाल को उनके जन्मदिन पर बधाई देते हुए की। केजरीवाल शुक्रवार को 56 वर्ष के हो गए।**





राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आशा करता हूं कि आप स्वस्थ रहें, खुशहाल रहें। उन्होंने कहा, अन्याय के विरुद्ध इस लड़ाई में इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्ल्यूसिव अलायंस (इंडिया) आपके साथ है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा हैं।



# बिहार में जारी है सियासी तकरार

## विशेष राज्य के दर्जे व कानून व्यवस्था पर तेजस्वी का हमला

- राजद व जदयू में जारी है वार-पलटवार
- कोई भी मंच हो दोनों ओर से छोड़े जा रहे तीखे बयान
- सीएन नीतीश ने राजद सुप्रीमो लालू को घेरा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

पटना। लगता है बिहार में विधान सभा चुनावों की तैयारी अभी से होने लगी है। राज्य का सत्ता पक्ष हो या विपक्ष सभी के बयानों में हमेशा ऐसा लगता है सबकी नजर 2025 के राज्य विधान सभा पर ही है। तभी तो बिहार में कोई भी मंच हो राजद व जदयू द्वारा एक-दूसरे पर हमला जरूर बोला जाता है। 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रिकॉर्ड 18वीं बार राष्ट्रीय ध्वज फहरा रहे थे। उन्होंने इस मौके पर भी पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव उनके पुत्र तेजस्वी यादव को जमकर घेरा।

दरअसल राजद नीतीश सरकार को कानून व्यवस्था व राज्य के विशेष दर्जे को लेकर कई बार कटघरे में खड़ा किया है। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने तो बढ़ते अपराधों की पूरी लिस्ट जारी करते हुए यहां तक कह दिया नीतीश को इस्तीफा दे देना चाहिए क्योंकि उनसे राज्य संभल नहीं रहा। उधर राजद सुप्रीमो ने सीएम को नसीहत दे डाली केंद्र के सामने गिड़गिड़ाने से कुछ नहीं होगा। राजद सुप्रीमो लालू यादव ने नीतीश कुमार को नसीहत देते हुए कहा है कि दिल्ली में हक को मांगना नहीं बल्कि छीनना पड़ता है। सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लालू यादव ने अपने पुराने कामों को याद किया। पोस्ट में उन्होंने नीतीश कुमार पर यूपीए काल में मिली राशि से अपना चेहरा चमकाने का भी आरोप लगाया है।





## पीके पर लालू की बेटी रोहिणी आचार्य का तीखा हमला

राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य अक्सर सत्ता पक्ष पर तंज कसती रहती हैं लेकिन आज सत्ता पक्ष निशाने पर नहीं है बल्कि मुख्य निशाने पर जन सुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर रहे। रोहिणी ने प्रशांत किशोर पर आज सोशल मीडिया के सहारे जमकर हमला किया है। उसने प्रशांत किशोर को न सिर्फ दलाल और ठेकेदार कहा बल्कि भारतीय जनता पार्टी को भी बहुत कुछ कहा। भारतीय जनता पार्टी को रोहिणी ने आका शब्द से संबोधित किया है। रोहिणी आचार्य ने प्रशांत



किशोर पर तंज कसते हुए सोशल मीडिया पर लिखा है कि- पहले ब्रोकरी ( दलाली ), फिर चुनाव - प्रचार की ठेकेदारी,अब आकाओं की शह पर बिहार की 243 विधानसभा - सीटों पर दावेदारी.. ! ज्यादा अहमियत देने व् समझने की दरकार नहीं है , दो सवाल ही काफी हैं , समझने के लिए ठेकेदार की कारस्तानी - कारगुजारी। जन सुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर अपने दो दिवसीय यात्रा पर जमुई पहुंचे थे। वहां उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल पर हमला करते हुए कहा था कि राजद को पत्र निकालकर अपने लोगों को रोकना पड़ रहा है। पत्र में कहा जा रहा है कि लालू जी के विचारों का सम्मान करते हैं तो पार्टी छोड़ कर नहीं जाइए। इसका मतलब क्या हुआ अब राजद के नेता तेजस्वी के नाम पर रुकने नहीं वाले हैं।

## पटना में भाजपा नेता की हत्या पर राजद ने सीएम नीतीश को घेरा

पटना में भाजपा नगर मंडल के पूर्व महामंत्री व दूध कारोबारी को अपराधियों ने गोली मार दी थी इसको लेकर बिहार में सियासत गरमाई हुई है। राजद ने एकबार फिर नीतीश कुमार पर तीखा हमला बोला है। विपक्षी नेताओं ने बोला की राज्य की कानून व्यवस्था का बंरा हाल है। सरकार अपनी ही पार्टी के लोगों की सुरक्षा नहीं कर पा रही है। घटना की जानकारी देते हुए पटना सिटी के पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि अमूल दूध के पार्लर चलाने वाले अजय शाह अपने दुकान पर बैठे थे। इसी बीच मोटरसाइकिल से दो अपराधी आए और किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुई। इसी क्रम में अपराधियों ने अजय शाह पर गोलियां चला दी। अजय शाह गोली लगते ही घायल होकर गिर पड़े। उन्होंने बताया कि मामला जमीन विवाद का भी हो सकता है। पुलिस पूरे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी को भी खंगाला जा रहा है।

## सबके सहयोग से एक नया विकसित बिहार बनाएंगे : तेजस्वी

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि आपके सहयोग से हम सब मिलकर गरीबी में जकड़े हुए,घरों से बिछड़े हुए,महंगाई और बेरोजगारी से बेहाल,विकास में पिछड़े सभी बिहारवासियों को गरीबी, पिछड़ेपन बेरोजगारी व पलायन से जल्दी ही आजादी दिलाएंगे और एक नया विकसित बिहार बनाएंगे। सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ वहीं राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने राजद कार्यालय में तिरंगा फहराया। उन्होंने बिहारवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के मूल्यों पर चलते हुए सत्य, सिद्धांत और साहस के साथ आगे बढ़ते हुए, हमने हर तानाशाह को हराया है तब जाकर स्वतंत्रता का ये सम्मान पाया है। हमारा देश तानाशाही प्रवृतियों को परास्त करे, हर वर्ग, हर धर्म, हर पंथ एक होकर विकास, एकता और भाईचारे की राह पर आगे बढ़े। इसी मंगलकामना के साथ आप सभी को 78वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

## कुछ लोगों ने केवल अपने परिवार को बढ़ाया : नीतीश



नीतीश ने 15 अगस्त पर पत्रकारों से कहा कि आपसे अपील है कि 2005 से पहले क्या हालत थी? पहले क्या था? अब क्या किया गया है? उस पर भी लिखिए। लालू परिवार निशाना साधते हुए सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि आज लोग कुछ से कुछ बोल रहा है। वह लोग कुछ किया है। केवल अपने परिवार को बढ़ाया। अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री बना दिया। बेटा, बेटी सबके लिए किया। लेकिन, हमलोगों ने अपने परिवार के लिए नहीं बिहार की जनता के लिए सबकुछ किया। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि जेपी गंगा पथ को आरा और मोकामा तक विस्तारित करने का राज्य सरकार ने फैसला लिया है। साल 2013 में पुलिस में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई। अब बिहार पुलिस में महिलाओं की संख्या 30 हजार हो गई है। पहले बिहार में स्वंय सहायता समूह की संख्या काफी कम थी। अब इसकी संख्या 10 लाख 51 हजार हो गई है। जीविका दीदियों की संख्या एक करोड़ पार हो गई है। युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाया जा रहा है। तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग नौकरियों पर कुछ से कुछ बोल रहा है। अब तक पांच लाख नौकरी दी गई है। अब 10 लाख के जगह 12 लाख नौकरियां दी जाएंगी। रोजगार की बात करें तो अब तक 24 लाख लोगों को रोजगार दिया गया। हमलोग एक एक काम को अच्छी तरह से करवा रहे हैं।

## अपराधियों को ट्वीट के जरिए प्रोत्साहित करते हैं लालू : विजय सिन्हा



बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने एक बार फिर लालू परिवार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा, लालू यादव बस बढ़ते अपराध को लेकर खाली ट्वीट कर सकते हैं। अपराधियों को ट्वीट के माध्यम से लालू यादव प्रोत्साहित करने के सिवा उनके पास कोई प्लान नहीं है। डिप्टी सीएम सिन्हा ने कहा, अपराधियों को वे लोग प्रोत्साहित करते हैं। लेकिन एनडीए की सरकार अपराध और भ्रष्टाचार दोनों पर कार्रवाई करेगी। आपको बताते चलें कि बिहार में बढ़ते अपराध को लेकर लगातार विपक्ष सरकार पर हमलावर हो रहा है। बिहार में बढ़ते अपराध को लेकर लालू यादव के द्वारा गुरुवार को ट्वीट के माध्यम से बिहार सरकार पर हमला बोला गया है। बताते चलें, इसी का जवाब देते हुए डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने लालू यादव पर जमकर हमला बोला है। डिप्टी सीएम बेगूसराय में एक निजी अस्पताल के उद्घाटन करने के लिए पहुंचे थे। अस्पताल के बारे में उन्होंने कहा, बेहतर सुविधा इस हॉस्पिटल से लोगों को मिलेगा। सेवा भाव के तहत डॉक्टर्स के द्वारा इस अस्पताल में गरीब लोगों को ज्यादा से ज्यादा फायदा मिलेगा।

## दिल्ली में गिड़गिड़ाने से कुछ नहीं मिलता : लालू

राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद ने रेल मंत्रित्व काल को याद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल में चुनौतियों के बावजूद सारण के दरियापुर में रेल व्हील प्लांट की स्थापना की गई। यहां अबतक रिकॉर्ड दो लाख से अधिक रेल पहियों का उत्पादन किया जा चुका है। रेल मंत्री रहते इस प्लांट आधारशिला 29 जुलाई 2008 में रखी थी। प्लांट के निर्माण पर लगभग 1640 करोड़ रुपए खर्च हुए थे। पुराने दिनों को याद करते हुए लालू ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी हमला भी बोला। उन्होंने कहा कि एनडीए के 10 वर्षों में बिहार को कोरी घोषणाओं के अलावा क्या मिला? नीतीश कुमार इस बारे में बताएं। लालू प्रसाद अपने एक्स पर एक लंबी पोस्ट डाली और कहा कि बिहार में रेल के पहिए का निर्माण भारतीय रेलवे के लिए एक वरदान साबित हुआ।उन्होंने कहा कि बिहार के बेला स्थित रेल व्हील प्लांट द्वारा अबतक 2 लाख से अधिक रेल



पहियों का निर्माण किया जा चुका है, जिससे भारतीय रेलवे की विदेशों पर निर्भरता कम हो गई। मुझे यह बताते प्रसन्नता हो रही है कि हमारे द्वारा बिहार में स्थापित बेला रेल व्हील प्लांट देश को आत्मनिर्भर बनाने में अपनी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि 2004-05 में स्वीकृत तथा जुलाई 2008 में शुरू हुआ रेल पहिया प्लांट का निर्माण हमारे द्वारा बिहार में औद्योगीकरण को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ, जब बिना किसी विदेशी सहयोग के एक अत्यधिक परिष्कृत कारखाना देश में स्थापित किया गया था। यह रेलवे इंजीनियरों की इन-हाउस क्षमता और विशेषज्ञता के कारण संभव हुआ। उन्होंने कहा कि चारों तरफ नदियों से घिरा रहने और पानी लगने के कारण कारखाना स्थापित करने के लिए यह स्थल चुनौतियों से भरा था लेकिन अपनी इच्छा शक्ति के दम पर हमने सभी कठिनाइयों को पार किया।

## जिद... सच की



Sanjay Sharma
editor.sanjaysharma
@Editor_Sanjay

# बच्चों को क्षमतावान बनाने का लें संकल्प

> हर देश को अगर अपने को मजबूत करना है तो अपने बच्चों को बौद्धिक रूप से क्षमतावान बनाना होगा। वे विकसित होंगे तो युवा भी ताकतवर होगा और युवा के शक्तिशाली होते ही देश भी शक्तिमान होगा और पूरे विश्व में उसका डंका बजेगा। बच्चों को घरों ये संस्कारित भी करना होगा ताकि व सदव्यवहारी व चरित्रशील बने और समाज में अपना सार्थक योगदान दे सकें।

*भारत ने अपना 78वां स्वतंत्रता दिवस बड़े धूमधाम से मनाया। सभी नीति निर्धारकों की इच्छा है देश आने वाले वर्षों में खूब आगे बढ़े। सबसे ज्यादा लोगों को युवाओं से अपेक्षा है। युवा बनने से पहले बच्चो का ध्यान जरूरी है। हर देश को अगर अपने को मजबूत करना है तो अपने बच्चों को बौद्धिक रूप से क्षमतावान बनाना होगा। वे विकसित होंगे तो युवा भी ताकतवर होगा और युवा के शक्तिशाली होते ही देश भी शक्तिमान होगा और पूरे विश्व में उसका डंका बजेगा। बच्चों को घरों ये संस्कारित भी करना होगा ताकि व सदव्यवहारी व चरित्रशील बने और समाज में अपना सार्थक योगदान दे सकें। वैसे भी दुनिया का हर व्यक्ति चाहता है कि उनके बच्चों का बौद्धिक विकास हो, लेकिन उनमें से बहुतों को यह पता नहीं होता कि यह कैसे होगा? स्वास्थ्य बधर्क खानपान और सुनियोजित दिनचर्या के अलावा वह कौन-कौन सी चीजें हैं, जो आपके बच्चों की बौद्धिक क्षमता को विकसित करती हैं।*

*यहां पर छात्रों के संज्ञानात्मक या बौद्धिक विकास का तातत्पर्य है उनके सोचने और तर्क करने की क्षमता का बहुमुखी विकास करना। कारण कि बहुधा बच्चे जिस कपोलकल्पित दुनिया में रहते हैं, उसे समझने के लिए वे अपने दिमाग, विचारों और सोच को कैसे व्यवस्थित करते हैं, यह पूरी तरह से उनके घरेलू पारिवारिक माहौल और स्कूल के समग्र शैक्षणिक वातावरण पर निर्भर करता है। इसलिए उनके चेतनात्मक विकास को कैसे प्रोत्साहित किया जाए, इस पर सार्थक चर्चा बदलते वक्त की मांग है। मसलन, कोई भी माता-पिता और देखभाल करने वाले अभिभावक अपने बच्चे की वर्तमान बौद्धिक अवस्था को समझें ताकि वे अपने बच्चे के संज्ञानात्मक या बौद्धिक विकास करने के लिए उन्हें सुनियोजित गतिविधियाँ प्रदान कर सकें। आपके लिए यह समझना जरूरी है कि रचनात्मक और कलात्मक खेल सामग्री बच्चों को समस्या समाधान में संलग्न होने देकर सीखने और विकास करने में मदद करते हैं। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उनके शब्दावली ज्ञान, वाक्य सृजन, वस्तु विमर्श, जटिल आकृतियों की नकल, तर्क और बहस करने की क्षमता में वृद्धि करना, क्यों और क्योंकि जैसे शब्दों का प्रयोग समझाना आवश्यक है। इसके अलावा, उनमें कल, आज और कल जैसी अवधारणाओं की समझ विकसित करने की कोशिश की जाती है। उन्हें डेस्क या टेबल पर बैठने के तौर तरीके बताए जाते हैं। वे अपने शिक्षक के निर्देशों का पालन कैसे करें, इसका अनुशासन सिखाया जाता है। वहीं, वे किसी भी सरल कार्य को स्वतंत्र रूप से करने में कैसे सक्षम होंगे, इसका प्रारंभिक ज्ञान दिया जाना महत्वपूर्ण है।*

**(इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं)**

# सरहद के आरपार रिश्तों की संभावना बेशुमार

सतीश मेहरा

नीरज और नदीम की जोड़ी भारत-पाक खेल संबंधों में बेहतर कड़ी का काम कर सकती है। दुनिया के दोनों टॉप एथलीटों की माताओं ने तो पूरे विश्व को बता दिया है कि दोनों देशों के राजनीतिक संबंध जैसे भी रहे हों, सामाजिक संबंध अभी 1947 के विभाजन से पहले की तरह बरकरार हैं। पेरिस ओलंपिक में जब जैवलिन थ्रो में पाकिस्तान के अरशद नदीम ने स्वर्ण और भारत के नीरज चोपड़ा ने रजत पदक जीता तो दोनों देशों के लोग खुशी से झूम उठे। इस ऐतिहासिक जीत पर दोनों की मांओं ने जो कहा उसने न केवल भारत-पाक की जनता बल्कि दुनिया के लोगों का दिल जीत लिया। नीरज की मां सरोज ने कहा, नदीम जिसने स्वर्ण पदक जीता है, वह भी हमारा बच्चा है और नीरज ने रजत जीता, वह भी हमारा बच्चा है। दूसरी ओर नदीम की मां रजिया प्रवीन ने कहा, नीरज भी मेरे बेटे जैसा है।


नीरज और नदीम दोनों दोस्त हैं और भाई हैं। जहां मैंने नदीम की जीत के लिए दुआ की, वहीं नीरज की जीत के लिए भी दुआ की थी। अल्लाह दोनों को कामयाबी बख्शे। दोनों एथलीट नीरज और नदीम खेल के मैदान में और खेल के मैदान के बाहर भी दोस्त हैं। खेल के मैदान में वे केवल प्रतिद्वंद्वी होते हैं। दोनों एथलीट में सात बार एक-दूसरे का मुकाबला हुआ है। इन मुकाबलों में नदीम नीरज से छह बार पीछे रहा और एक बार पेरिस ओलंपिक में आगे रहा, जिसकी बदौलत अरशद नदीम स्वर्ण पदक पाने में कामयाब रहा। पेरिस ओलंपिक में नीरज और नदीम का इतना हेल्दी मुकाबला रहा कि नीरज के रजत जीतने पर भी पाकिस्तान में खुशियां मनाई गईं और नदीम के स्वर्ण पदक जीतने में भी भारत में खुशियां मनाई गईं। इन खुशियों को दोनों मांएं तस्दीक करती हैं। नीरज का यह भी कहना है कि पहले की प्रतियोगिताओं में नदीम ने मेरे भाले का भी प्रयोग किया है। इससे दोनों की दोस्ती बयां होती है। भारत-पाकिस्तान के खेल संबंधों में राजनीति का गहरा हस्तक्षेप है। जब भी दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव बढ़ता है, खेल संबंध प्रभावित होते हैं। उदाहरण के तौर पर, 1999 के कारगिल युद्ध के बाद दोनों देशों के बीच क्रिकेट संबंध लंबे समय तक स्थगित रहे। इसी तरह, 2008 के मुंबई हमलों के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक संबंधों में खटास आ गई जिसके परिणामस्वरूप पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर आईपीएल में शामिल होने पर प्रतिबंध लगा। हालांकि, 2008 में आईपीएल के उद्घाटन सत्र में पाकिस्तान के क्रिकेट खिलाड़ियों ने भाग लिया था लेकिन इसके बाद से उन पर बैन है। हाल के वर्षों में, दोनों देशों के बीच खेल संबंधों में और भी गिरावट आई है। क्रिकेट, जो कभी दोनों देशों के बीच संबंध सुधारने का माध्यम माना जाता था, अब राजनीतिक निर्णयों और तनाव के कारण बाधित हो रहा है। आईपीएल में भी पाकिस्तानी खिलाड़ियों के न खेलने का मुद्दा अक्सर उठता रहता है। कई विशेषज्ञ मानते हैं कि खेल, विशेषकर क्रिकेट, दोनों देशों के बीच शांति स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण साधन हो सकता है। अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर द्विपक्षीय क्रिकेट टीम के मुकाबले हो रहे हैं। खेल में प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ सम्मान और मित्रता का भी संदेश होता है। अगर दोनों देश खेल संबंधों को मजबूत करते हैं, तो यह दोनों देशों के बीच विश्वास बहाल करने में मदद कर सकता है। राजनीति, सुरक्षा चिंताएं और ऐतिहासिक तनाव हमेशा से इन संबंधों पर भारी पड़े हैं। इसके बावजूद, खेलों ने हमेशा दोनों देशों के लोगों के बीच एकजुटता और साझा प्रेम का एक पुल बनाने का प्रयास किया है। यदि दोनों देश खेल को एक कूटनीतिक साधन के रूप में इस्तेमाल करें, तो शायद दोनों के बीच की दूरियां कुछ हद तक कम हो सकें। इन दूरियों को कम करने में नीरज और नदीम की दोस्ती की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है।



> **पेरिस ओलंपिक में जब जैवलिन थ्रो में पाकिस्तान के अरशद नदीम ने स्वर्ण और भारत के नीरज चोपड़ा ने रजत पदक जीता तो दोनों देशों के लोग खुशी से झूम उठे। इस ऐतिहासिक जीत पर दोनों की मांओं ने जो कहा उसने न केवल भारत-पाक की जनता बल्कि दुनिया के लोगों का दिल जीत लिया। नीरज की मां सरोज ने कहा, नदीम जिसने स्वर्ण पदक जीता है, वह भी हमारा बच्चा है और नीरज ने रजत जीता, वह भी हमारा बच्चा है।**

# अविभाजित भारत को संवारने वाले लाहौर के नगीने

डॉ. चन्द्र त्रिखा



हमारे भारतीय उपमहाद्वीप की वित्तीय जिंदगी में कुछ ऐसी शख्सियतें भी हुई हैं जिन्हें धीरे-धीरे हम भूलते जा रहे हैं। सरदार दयाल सिंह मजीठिया का नाम यदि अब भी आदर के साथ लिया जाता है तो उसका मुख्य कारण यही है कि लाहौर के इस शख्स ने पत्रकारिता और शिक्षा के क्षेत्र में कुछ ठोस पहलकदमियां की थीं। दयाल सिंह कॉलेज (लाहौर, करनाल व दिल्ली) व दयाल सिंह लाइब्रेरी समेत कई संस्थाएं अब भी इस महान शख्सियत को दुआएं देती हैं। इसी श्रृंखला में सर गंगाराम का नाम आता है, जिन्हें 'मॉडर्न लाहौर' का निर्माता माना जाता है। उनका मुख्य कर्म-क्षेत्र अस्पताल, मेडिकल कॉलेज व अनूठे भवनों का निर्माण था। लाहौर की ज़िंदगी में सर गंगाराम ऐसे रच-बस गए थे कि मंटो सरीखे लेखक ने भी अपनी एक कहानी में उन्हें पात्र बनाया।

वैसे लाहौर एवं अविभाजित पंजाब के आर्थिक विकास में लाला लाजपत राय का भी विशिष्ट योगदान था, मगर उनका स्वाधीनता सेनानी एवं राष्ट्रभक्त वाला पक्ष उनकी अन्य भूमिकाओं पर हावी हो गया। वे स्वाधीनता सेनानी तो थे ही, इसके अलावा बैंकिंग व बीमा क्षेत्र में उन्होंने लाहौर में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की थी। वहां की लक्ष्मी इंश्योरेंस कंपनी, पंजाब नेशनल बैंक व कुछ अन्य बड़े व्यावसायिक संस्थानों में भी लाला लाजपत राय की विशेष भूमिका थी। पत्रकारिता और वकालत के क्षेत्र में भी उन्हें पहली कतार में रखा जाता था। इसी श्रृंखला में महाशय कृष्ण, लाला जगत नारायण और महाशय आनंद स्वामी के नाम भी पत्रकारों-प्रकाशकों की श्रेणी में आते हैं। इसी क्रम में एक अन्य भारतीय उद्यमी शामिल हैं- लाला हरकिशन लाल। डेरा गाज़ी खान के एक कस्बे लैय्या में वर्ष 1864 में जन्मे लाला हरकिशन की ज़िंदगी में ऐसे उतार-चढ़ाव आए कि इन्हें 'अर्श से फर्श' और फिर 'फर्श से अर्श' तक की ज़िंदगी का महानायक माना गया। लाला हरकिशन लाल की शिक्षा-दीक्षा गवर्नमेंट कॉलेज लाहौर से हुई थी। बाद में अपनी मेधा के बल पर एक छात्रवृत्ति लेकर वे ट्रिनिटी कॉलेज कैम्ब्रिज में चले गए। जहां गणित विषय पर अपने अध्ययन में उन्हें 'विशिष्ट' छात्र घोषित किया गया। वहां से भारत लौटने पर उन्हें गणित के प्राध्यापक के रूप में गवर्नमेंट कॉलेज, लाहौर में नौकरी मिली।

इसी बीच सरदार दयाल सिंह मजीठिया की प्रेरणा से उन्होंने वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में प्रवेश किया। उन्हें उन दिनों पंजाब नेशनल बैंक में भी ऑनरेरी सेक्रेटरी का पद दिया गया। उसी वर्ष लाला हरकिशन लाल ने लाहौर में ही भारत इंश्योरेंस कंपनी की स्थापना की इसी दौरान उद्यमी लाला हरकिशन लाल ने खुद को पूरी तरह औद्योगिक संस्थानों व व्यापारिक संस्थानों के कारोबार में खपा दिया। ईर्ष्या के कारण उन्हें ब्रिटिश शासन के कुछ अधिकारियों, कुछ धार्मिक कट्टरपंथी संगठनों व कुछ आर्यसमाजी नेताओं के विरोध का भी सामना करना पड़ा। विरोधियों ने उनके बैंक खातेदारों में भी अफवाह फैला दी कि उनकी जमा पूंजी कभी भी खतरे में पड़ सकती है।

उधर, वर्ष 1919 में उसे कुछ अंग्रेज अधिकारियों की शिकायत पर राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। कुछ महीने जेल में रहना पड़ा। रिहाई के बाद लाला जी अपने विरोधियों की साज़िशों से तंग आकर बीमार पड़ गये और फिर उन्होंने प्राण त्याग दिये। बाद में उसके सुपुत्र व प्रख्यात वकील एवं लेखक केएल गाबा ने एक पुस्तक भी लिखी 'सर डगलस यंगज मैग्ना कोर्टा'। उन्हें भी कुछ समय सींखचों के भीतर ही रहना पड़ा। इन परिश्रमी हरकिशन जी की 'लाहौर इलेक्ट्रिक सप्लाई' कंपनी भी चर्चा में रही थी। उसने लाहौर में आटा मिलें भी लगाई, ईंटों के भट्ठे भी स्थापित किए, साबुन के कारखाने लगाए और बर्फ की फैक्ट्रियां व कॉटन-वीविंग मिलें भी लगाईं। एक निर्धन क्षत्रिय परिवार के इस परिश्रमी उद्यमी के अनेक संस्थानों के खंडहर आज भी लाहौर में मौजूद हैं। पाकिस्तान के सर्वाधिक पुराने व बड़े शहर लाहौर में चंद ऐसी शख्सियतें थीं जिनके कर्ज तले पूरा पाक-पंजाब दबा रहा है। महाराजा रणजीत सिंह के बाद पांच अन्य शख्सियतें ऐसी थीं जो इस शहर की रूह मानी जाती थीं। इनमें सरदार दयाल सिंह मजीठिया, सर गंगाराम, बुलाकी शाह, छज्जू राम भाटिया, हरकिशन लाल व लाला लाजपत राय प्रमुख थे। सर गंगा राम ने यहां की आधी ऐतिहासिक इमारतों के अलावा एक विशाल अस्पताल का निर्माण कराया था।

स्वर्ण-व्यापारी छज्जू राम भाटिया का 'छज्जू का चौबारा' अपने समय का एक विलक्षण इतिहास समेटे हुए है। मगर भारत-पाक विभाजन के साथ सर्वाधिक खून-खराबे व दंगों के गवाह सेठ बुलाकी शाह ही रहे। दंगइयों ने उस क्षेत्र के मंदिरों व हिन्दू परिवारों पर हल्ला बोलने के साथ ही बुलाकी शाह की हवेली पर धावा बोला था। बीच बाज़ार में एक विशाल हवेली है जो हवेली बुलाकी शाह के नाम से प्रसिद्ध है। इसका एक नाम कैमला बिल्डिंग भी था। प्राप्त साक्ष्यों व दीवारों पर दर्ज तारीखों के अनुसार यह हवेली 17 अप्रैल, 1929 में बनी थी। इसके सामने ही लाहौर का प्रसिद्ध 'पानी वाला तालाब' था जो वर्ष 1883 में बना था। मैं जब वर्ष 1988 में एक बार इस हवेली की तरफ गया तो वहां पर एक डॉक्टर अपना क्लीनिक चलाता था और वहीं उसका आवास भी था। डॉक्टर ने बताया था कि इस गुमटी बाज़ार को पुराने वक्तों में 'गली काली माता' भी कहा जाता था। उस हवेली में एक समय बुलाकी शाह नामक एक हिन्दू व्यापारी रहता था और उसी ने अपनी अकूत दौलत से एक हवेली को सजाया-संवारा था।

# रक्षाबंधन

## हर भाई बहन के लिए करे ये काम

भाई-बहन के रिश्ते का सबसे बड़ा पर्व रक्षाबंधन इस वर्ष 19 अगस्त 2024 को मनाया जा रहा है। रक्षाबंधन के नाम से ही स्पष्ट है, ऐसा बंधन या रिश्ता तो रक्षा सूत्र में बंधा हो। रक्षाबंधन के मौके पर बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं। राखी के बदले भाई बहन की रक्षा का वचन लेता है। बहन की हर परेशानी में सहायता करने, उसके सुख दुख में साथ देने का काम एक भाई ही करता है। हालांकि आज के दौर में रक्षा का मतलब बहन पर प्रतिबंध लगाना, उन्हें रोकना टोंकना, घर से बाहर अकेले जाने से मना करना, कपड़ों को लेकर रोकटोक करने मात्र से है। हर भाई को राखी का फर्ज निभाते हुए बहन की रक्षा के लिए कुछ और तरीकों को अपनाना चाहिए। हर भाई को बहन के लिए इन पांच कामों को करना शुरू कर देना चाहिए, ताकि उनके बीच का रिश्ता मजबूत हो सके और भाई की गैरमौजूदगी में भी बहन सुरक्षित रह सके।



### रक्षाबंधन का शुभ मुहूर्त

इस साल रक्षाबंधन के दिन भद्राकाल का साया भी रहेगा, और इस काल में राखी बांधना अशुभ होता है। इस बार भद्रा सुबह 5 बजकर 53 मिनट से आरंभ हो जाएगी, जो दोपहर 1 बजकर 32 मिनट पर समाप्त होगी। पंचांग के अनुसार इस साल राखी बांधने का शुभ मुहूर्त 19 अगस्त को दोपहर 01:30 से लेकर रात्रि 09:07 तक रहेगा। इस मुहूर्त में आप भाई को राखी बांध सकती है।

### बहन को रोकें-टोके नहीं

अधिकतर लड़कियों के जीवन के फैसले पहले पिता या भाई और शादी के बाद पति लेते हैं। लड़की को क्या पहनना है, कहां और क्या पढ़ना है, नौकरी और फिर शादी तक के हर बड़े फैसले में उनसे अधिक माता पिता का हस्तक्षेप होता है। समाज से बहन को बचाने के लिए भाई उन पर रोक टोक लगाते हैं। इससे आप बहन की रक्षा नहीं करते, बल्कि उसे कैद करते हैं। स तरह की सोच से निकलें। बहन अकेले बाहर नहीं जा सकती, देर से घर नहीं आ सकती, अपने मनमुताबिक दोस्त नहीं बना सकती, दुपट्टा के बिना या अपने पसंदीदा कपड़े नहीं पहन सकती, क्योंकि उन्हें इससे खतरा हो सकता है। बहनों की रक्षा के लिए उन पर कई तरह के प्रतिबंध लगाना गलत है। रक्षा का वचन देने वाले भाइयों को बहन के अधिकारों की रक्षा भी करनी चाहिए।

### बहन को सिखाएं आत्मरक्षा के गुण

हर लड़की को आत्मरक्षा के गुण आने चाहिए। हर समय भाई बहन के साथ नहीं रह सकता है। स्कूल-कॉलेज से दफ्तर जाने और शादी के बाद ससुराल जाने पर बहन अपने भाई से दूर हो जाती है। ऐसे मौके पर बहन को अपनी रक्षा स्वयं करनी होगी। इसलिए भाई बहन को आत्मरक्षा के बारे में सिखाएं।



### राखी बांधने की विधि

सबसे पहले भाई को रोली, अक्षत का टीका लगाएं। फिर दाहिने कलाई पर राखी बांधें। फिर मिठाई खिलाएं। और आरती उतारे, और उसके सुखी जीवन की कामना करें। वहीं भाई को अपनी बहनों के चरण स्पर्श करने चाहिए।

### फैसले में दें बहन का साथ

अधिकतर लड़कियों के जीवन के फैसले पहले पिता या भाई और शादी के बाद पति लेते हैं। लड़की को क्या पहनना है, कहां और क्या पढ़ना है, नौकरी और फिर शादी तक के हर बड़े फैसले में उनसे अधिक माता पिता का हस्तक्षेप होता है। रक्षा का वचन देने वाले भाइयों को बहन के अधिकारों की रक्षा भी करनी चाहिए। बहन के जीवन के फैसले उसे खुद लेने दें। उन्हें फैसले लेना सिखाएं और उनके फैसलों में साथ दें ताकि जब आप उनके पास न हों तब भी वह निडरता से अपने जीवन को किस राह ले जाना है, यह खुद तय कर सकें।

### बहन का बढ़ाएं आत्मविश्वास

अक्सर लड़कियां बाहर जानें, दूसरों के सामने खुल कर अपने विचार रखने या कई छोटी-बड़ी चीजों से डर जाती हैं। इसका कारण होता है कि उन्हें आत्मविश्वास की कमी होती है। लड़कियां शारीरिक तौर पर कमजोर हो सकती हैं लेकिन हर भाई को अपनी बहन को शारीरिक तौर पर मजबूत बनाने के साथ ही मानसिक तौर पर भी बलवान बनाने की जरूरत होती है। बहन का आत्मविश्वास बढ़ाएं। उन्हें बताएं कि आप हमेशा उनके साथ हैं। बहन को अकेले बाहर जानें दें, उन्हें अपने काम खुद करने दें।



### बहन को बनाएं आत्मनिर्भर

हर भाई को चाहिए कि वह अपनी बहन को आत्मनिर्भर बनाएं। पिता, भाई या पति पर निर्भर रहने के बजाए जीवन में खुद के पैरों पर खड़े रहने की सीख दें। जैसे अगर बहन कॉलेज या दफ्तर जाने के लिए आप पर निर्भर है तो उसे स्कूटी या कार ड्राइव करना सिखाएं और अकेले जाने के लिए प्रोत्साहित करें। बहन अगर घर पर मां के साथ घरेलू कामों में हाथ बंटाती है तो उसे पढ़ाई और नौकरी के लिए प्रोत्साहित करें। आर्थिक तौर पर भी बहन को आत्मनिर्भर बनाएं।

## हंसना मना है

मरीज को डॉक्टर आखिरकार समझा पाया कि ये ऑपरेशन कितना जरूरी है लेकिन जैसे ही उसने 8 लाख का खर्चा बताया मरीज ने फिर मना कर दिया। डॉक्टर बोला – तुम पहले 2 लाख जमा कर दो, बाकी 22 हजार हर महीने किस्तों में दे देना। मरीज बोला – ये तो ऐसे हो गया, जैसे मैं कोई कार ले रहा हूं। डॉक्टर बोला – कह तो सही रहे हो.. लेकिन कार तुम नहीं मैं ले रहा हूं।


1 मुर्गी ने बत्तख से शादी कर ली, मुर्गा हम मर गये थे क्या? मुर्गीः मैं तो तुमसे ही शादी करना चाहती थी पर मोम-डैड चाहते थे लड़का नेवी में हो?

काका- कमर में बहुत दर्द है, जरा गुप्ता जी के घर से आयोडक्स ले आओ। काकी- वो नहीं देंगे वो बहुत कंजूस है। काका- हां, है तो खानदानी कंजूस साले, पता नहीं इतना पैसा लेकर कहां जाएंगे, मर जाएंगे यू ही, ऐसा करो तुम अलमारी से अपनी ही निकाल लो, दर्द कुछ ज्यादा ही है?

## कहानी — शांति कहां मिलेगी

एक समय कि बात है, भगवान विष्णु सभी जीवों को कुछ न कुछ चीजें भेंट कर रहे थे। सभी जीव भेंट स्वीकार करते और खुशी-खुशी अपने निवास स्थान के लिए प्रस्थान करते। जब सब चले गए तो उनकी चरण सेविका श्री लक्ष्मी जी ने भगवान से कहा- हे नाथ! मैंने देखा कि आपने सभी को कुछ न कुछ दिया, अपने पास कुछ नहीं रखा लेकिन एक चीज आपने अपने पैरों के नीचे छिपा लिया है। वो चीज क्या है? श्री हरि मंद-मंद मुस्कुराते रहे, उन्होंने इसका कोई जवाब नहीं दिया। लक्ष्मी जी ने फिर कहा- प्रभु हमसे न छुपाएं, मैंने स्वयं अपनी आंखों से देखा है आपने कोई एक चीज अपने पैरों के नीचे छिपा रखा है, निवेदन है कृपया इस रहस्य से पर्दा उठाइए। श्री हरि बोले- देवी मेरे पैरों के नीचे शांति है। शांति मैंने किसी को नहीं दिया, सुख सुविधा तो सभी के पास हो सकती हैं मगर शांति तो किसी दुर्लभ मनुष्य के पास ही होगी। मैं सब को नहीं दे सकता। जो मेरी प्राप्ति के लिए तत्पर्य होगा, जिसकी सारी चेष्टाएं मुझ तक पहुंचने की होगी, उसी को ये मिलेगा। श्री हरि से आज्ञा लेकर शांति कहने लगी- हे जगत माता, श्री हरि ने मुझे अपने पैरों के नीचे नहीं छिपाया बल्कि मैं स्वयं उनके पैरों के नीचे छिप गई। शांति तो सिर्फ़ हरि चरणों के नीचे ही जीव को मिलेगा, अन्यथा कहीं नहीं। कथा कहती है कि उसी दिन से श्री लक्ष्मी जी ने श्री हरि के चरणों की सेवा शुरू कर दी, क्योंकि व्यक्ति सारी सुख सम्पत्ति से सुसज्जित हो मगर उसके पास शांति ही न हो तो उसकी सारी सुख सम्पत्ति व्यर्थ हो जाती है। इसलिए स्वयं सुख समृद्धि की जननी माता लक्ष्मी भी शांति प्राप्ति हेतु और श्री हरि सेवा के लिए उनके चरणों की सेवा हमेशा करती रहती हैं। इसलिए भगवान की चरण सेवा करें, अपनी संपत्ति का सदुपयोग करें। निस्वार्थ सबका भला करें और परमपिता परमेश्वर के अलावा किसी से कोई उम्मीद ना रखें।

## 7 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष**: बिगड़े काम बनेंगे। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। कोई पुराना रोग बाधा का कारण हो सकता है। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा।

**वृषभ**: धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे।

**मिथुन**: वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर गृहिणियां लापरवाही न करें। आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं।

**कर्क**: वाणी में शब्दों का प्रयोग सोच-समझकर करें। प्रतिद्वंद्विता में कमी होगी। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। व्यापार में वृद्धि होगी।

**सिंह**: स्थायी संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। मनपसंद रोजगार मिलेगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कर्ज समय पर चुका पाएंगे। बैंक-बैलेंस बढ़ेगा।

**कन्या**: किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठा पाएंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें।

**तुला**: आय में निश्चितता रहेगी। शत्रु शांत रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय से लाभ होगा। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। दौड़धूप की अधिकता का स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ेगा।

**वृश्चिक**: आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। बनते कामों में बाधा उत्पन्न होगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। काम में मन नहीं लगेगा।


**धनु**: जल्दबाजी व लापरवाही से हानि होगी। राजकीय कोप भुगतना पड़ सकता है। विवाद न करें। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। बिछड़े मित्र व संबंधी मिलेंगे।

**मकर**: कोई अनहोनी होने की आशंका रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। रोजगार मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होगी।

**कुम्भ**: आंखों का विशेष ध्यान रखें। चोट व रोग से बचाएं। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी।

**मीन**: यात्रा मनोनुकूल रहेगी। कारोबार से संतुष्टि रहेगी। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। प्रयास सफल रहेंगे। बुद्धि का प्रयोग करें। प्रमाद न करें। निवेश से लाभ होगा।

# स्त्री 2 पर जमकर बरसा जनता का प्यार





**श्रद्धा कपूर की फिल्म को मिली साल की सबसे बड़ी ओपनिंग**

श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की फिल्म स्त्री 2 का ट्रेलर देखने के बाद ही सभी को ये उम्मीद होने लगी थी कि ये फिल्म कमाल करने वाली है। 2018 में आई स्त्री ने जो कमाल किया था, ये अनुमान लगाया जा चुका था कि सीक्वल उससे कहीं बड़ा धमाका करने वाला है। लेकिन स्वतंत्रता दिवस के मौके पर, गुरुवार को थिएटर्स में रिलीज हुई ये फिल्म, पहले ही दिन हर उम्मीद से बढ़कर भौकाल दिखाया। स्त्री 2 ने पहले ही दिन थिएटर्स भर डाले और कई थिएटर्स में, पिछले साल के बाद से किनारे रखे हाउसफुल के बोर्ड्स निकल आए। फिल्ममेकर दिनेश विजन के यूनिवर्स में स्त्री 2 सबसे बड़ी फिल्म बनने के लिए तैयार है। ट्रेलर और गानों के बाद तो ये साफ़ दिखने लगा कि स्त्री 2 के लिए थिएटर्स में जनता की भीड़ जुटने वाली है। इसका पहला अंदाजा फिल्म की एडवांस बुकिंग ने ही दे दिया था। सैकनिल्क के अनुसार पहले दिन के लिए स्त्री 2 के 8 लाख से ज्यादा टिकट एडवांस में बुक हो चुके थे और फिल्म ने इससे 23 करोड़ रुपये से ज्यादा एडवांस ग्रॉस कलेक्शन जुटा लिया था। मेकर्स को अपने प्रोडक्ट पर पूरा कॉन्फिडेंस था इसलिए उन्होंने बुधवार रात को ही फिल्म के पेड प्रीमियर भी रखे। इन प्रीमियर्स में भी जमकर टिकट बिके और फिल्म ने इसी से 8.35 करोड़ का कलेक्शन कर लिया। जितनी कमाई स्त्री 2 ने पेड प्रीमियर में की, उतना तो इस साल कई बड़ी फिल्मों का ओपनिंग कलेक्शन नहीं है। पेड प्रीमियर का फायदा ये हुआ कि फिल्म को पूरी तरह ऑर्गेनिक वर्ड ऑफ माउथ मिला स्त्री 2 ने गुरुवार को 46-47 करोड़ के बीच कलेक्शन कर डाला। प्रीमियर को जोड़ लें तो स्त्री 2 को ऑलमोस्ट 55 करोड़ रुपये की ओपनिंग मिली है।

# अनुपम ने दुष्कर्मियों को बताया राक्षस



**कहा- इनको चौराहे पर फांसी देनी चाहिए**

फिल्म निर्माता करण जौहर और अभिनेता अनुपम खेर ने कोलकाता डॉक्टर बलात्कार-हत्या मामले पर अपनी निराशा साझा किया। निर्देशक ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक लंबा नोट पोस्ट किया, जिसमें भारत में महिलाओं की सुरक्षा की स्थिति पर अपनी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अपने नोट की शुरुआत इस बात से की कि वह पिछले कुछ समय से इस मामले पर टिप्पणी करने की कोशिश कर रहे थे और आखिरकार बोलने का साहस जुटा पाए। करण ने लिखा कि यह मामला हमारे देश की सबसे बड़ी विफलता को दर्शाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश के नागरिकों के लिए यह विडंबना है कि वे स्वतंत्रता के 78 साल का जश्न मना रहे हैं, जबकि एक स्वतंत्र राष्ट्र में महिलाएं अभी भी स्वतंत्र नहीं हैं। उन्होंने लिखा, पिछले कुछ दिनों से मैं इस अपराध पर अपने विचार व्यक्त करने की कोशिश कर रहा हूं... महिलाओं की सुरक्षा करने में सबसे बड़ी मानवीय विफलता... मेरे पास अभी भी शब्द नहीं हैं... कोई लिखित शब्द इस अत्याचार के बारे में नहीं बता सकता है... शब्द मायने रखते हैं, लेकिन कार्रवाई और अधिकारियों का इस तथ्य को समझना कि अगर न्याय सख्ती से नहीं किया गया, तो यह हमारा अंत होगा। दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने हाल ही में, इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए इस मामले में न्याय की मांग की। उन्होंने बताया कि कैसे पीड़िता परिवार की इकलौती बेटी थी और देश उसकी रक्षा करने में विफल रहा। अभिनेता ने बलात्कारी के लिए सार्वजनिक मृत्युदंड की मांग की और कहा इसकी सजा सिर्फ मौत है, और कोई सजा नहीं है। अभिनेता ने लिखा, आवाज उठाइये!! हर हालत में आवाज उठाइये! कोलकाता की डॉक्टर बच्ची के साथ जो घिनौना, रूह को हिला देने वाला और मानवता को सदा के लिए शर्मिंदा करने वाला अपराध हुआ है. उसके खिलाफ आवाज उठाइये।

**बॉलीवुड** **मन की बात**

# तीसरी बार नीना गुप्ता ने जीता नेशनल अवॉर्ड



70वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स का ऐलान हो गया है। कांतारा के लिए ऋषभ शेट्टी को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला। वहीं नित्या मेनन और मानषी पारेख ने बेस्ट एक्ट्रेस का सम्मान अपने नाम किया। इस फेहरिस्त में नीना गुप्ता ने फिर से अपनी धाक जमाई। उन्हें फिल्म ऊंचाई के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला है। 2022 में आई इस फिल्म को सूरज बड़जात्या ने डायरेक्ट किया था। इसमें अमिताभ बच्चन, अनुपम खेर, बोमन ईरानी, परिणीति चोपड़ा और सारिका भी अहम रोल में नजर आए। नीना गुप्ता ने आजतक से बातचीत में नेशनल अवॉर्ड जीतने पर खुशी जताई है। उन्हें एक बार को यकीन नहीं हुआ उन्हें ये अवॉर्ड मिला है। वो कहती हैं- मैं बहुत शॉक्ड हूं। फिल्म को रिलीज हुए 2 साल का टाइम भी हो चुका है। ये मेरे लिए बड़ा सरप्राइजिंग है। नेशनल अवॉर्ड बड़ी बात है। अभी मुझे किसी ने बताया। मुझे यही नहीं पता सूरज बड़जात्या को भी ऊंचाई के लिए बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड मिला है। मैं अवॉर्ड तो भूल जाओ। काम मिलने पर भी आभारी होती हूं। काम के लिए अवॉर्ड मिलना बड़ी अचीवमेंट है। फिल्म की शूटिंग के दौरान मजा आया। सूरज बड़जात्या से मुझे प्यार है। वो सेट पर बहुत शांत रहते थे। कोई चिल्लाना नहीं होता था। सबके साथ काम करके काफी अच्छा लगा। नीना के लिए नेशनल अवॉर्ड की ये उपलब्धि बेहद खास है। क्योंकि उनके करियर में एक वक्त ऐसा आया था जब वो काम मांगने को मजबूर हुई थीं। इसके बाद उन्होंने फिल्म बधाई हो की, तबसे लेकर अब तक वो ढेरों प्रोजेक्ट्स में एक से बढ़कर एक रोल निभाती दिखी हैं। एक्टिंग के जरिए नीना ने कई शेड्स में अपना हुनर दिखाया है। दमदार एक्टिंग का ही नतीजा है कि अब तक वो तीन बार नेशनल अवॉर्ड जीत चुकी हैं। नीना को 1993 में आई फिल्म बाजार सीताराम के लिए बेस्ट फर्स्ट नॉन फीचर फिल्म डायरेक्टर का अवॉर्ड मिला था।

# गुटखा खाती दिखी जर्मन लड़की पढ़ाई के बीच लिया खैनी ब्रेक!



भारत में गुटखा खाना काफी आम बात है। आपको काफी पुरुष गुटखा खाते दिखेंगे, बल्कि कई महिलाएं भी गुटखा खाना पसंद करती हैं। पर क्या आपने कभी किसी विदेशी को गुटखा खाते देखा है? हाल ही में एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक जर्मन लड़की गुटखा खाते नजर आ रही है। वो अपने रूम में है जो बेहद खूबसूरत लग रहा है, वहां पढ़ाई-लिखाई से जुड़ी चीजें रखी हैं, उसका किराया भी काफी ज्यादा है, पर इन सबके बीच उसे खैनी ब्रेक लेते देखकर लोग काफी हैरान हैं। इंस्टाग्राम यूजर बिहार का रहने वाला लड़का है जो जर्मनी में रहता है। वो आमिर खान की मूवी पीके से बहुत इंस्पायर है, इस वजह से उसी किरदार के अंदाज में वॉइस ओवर कर के वीडियोज बनाता है जो बेहद मजेदार होते हैं। हाल ही में उसने अपनी जर्मन सहेली का वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वो उसके कमर का टूर करवाता है और साथ ही ये भी दिखाता है कि लड़की खैनी खाती है। हालांकि, ये मुमकिन है कि उसने सिर्फ मनोरंजन के उद्देश्य से वीडियो बनाया हो और सिर्फ इस वीडियो को बनाने के लिए उस लड़की को खैनी खाने के लिए कह दिया हो। शख्स लड़की के कमरे में घुसता है जो बेहद साफ-सुथरा और खूबसूरत नजर आ रहा है। उसके स्टडी टेबल पर उसकी किताबें और लैपटॉप रखा है। काम के बीच वो ब्रेक लेती है और गुटखा खाने लगती है। वो उसे हाथ में रगड़ती है और एक चुटकी खा जाती है। शख्स ने बताया कि लड़की जिस कमरे में रहती है उसका किराया 250 यूरो, यानी करीब 22 हजार रुपये महीना है। इसमें वाईफाई, बिजली, पानी आदि जैसी चीजें जुड़ी हुई हैं। लड़की के कमरे में फूल, कैमरा, आदि भी दिखाई दे रहे हैं। शख्स का दावा है कि उसने उस जर्मन दोस्त को भी खैनी खाना सिखा दिया है। इस वीडियो को 38 लाख व्यूज मिल चुके हैं जबकि कई लोगों ने कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है। एक ने कहा- कंटेंट के लिए विदेशी को खैनी खिला दिया! एक ने कहा कि खैनी का पैकेट देखकर लग रहा है कि उसका डेली इस्तेमाल होता है। वहीं एक ने तो ये तक पूछ लिया कि स्टील वाली चुनौटी वो लड़की क्यों नहीं रखती है? वहीं एक ने पूछा कि जर्मनी में विमल मिलता है क्या?

**अजब-गजब** **सुअरबाड़े में रोमांस कर रहे हैं लोग**

# सालभर में हुईं 200 शादियां मालिक हुआ मालामाल



दुनिया में अलग-अलग देश हैं और उनका अपना अलग-अलग कल्चर। किसी कल्चर में कोई जानवर पवित्र माना जाता है तो किसी कल्चर में उसे ही खराब मानते हैं। हर संस्कृति के हिसाब से अलग-अलग जीवों की पूजा भी की जाती है। आमतौर पर लोग जिस जीव को ज्यादा पसंद नहीं करते हैं, पड़ोसी देश चीन में उसकी डिमांड इस वक्त ज़ोरों पर है। हां, खाने के लिए नहीं बल्कि कुछ अलग ही वजह से। शादी का कल्चर काफी बदला है औ आजकल आपने लोगों को डेस्टिनेशन वेडिंग करने के लिए किसी खूबसूरत जगह पर जाते हुए सुना होगा। इसके लिए कोई बीच तो कोई पहाड़ों पर जाकर शादी करता है, पर पड़ोसी देश चीन में शादी करने के लिए लोग 'सुअरबाड़े' में जा रहे हैं। इसके पीछे की वजह और भी दिलचस्प है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण पूर्वी चीन में एक सुअरों के पालने का फार्म है, जिसे हम आम तौर पर सुअरबाड़ा कहते हैं। ज़ेजियांग प्रांत के जिनहुआ में मौजूद The Panda Pig Farm को इस वक्त लोगों ने पर्यटन स्थल के साथ-साथ डेस्टिनेशन वेडिंग का वेन्यू बना रखा है। खुद फार्म के मालिक शेन ने बताया कि पिछले साल यहां पर 200 जोड़ों ने आकर शादी की। यहां पर कुल 3000 काले-सफेद सुअर रहते हैं। चूंकि लोग यहां घूमने और शादी करने आते हैं, ऐसे में इस बात के लिए खास तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है कि यहां दुर्गंध न आए। दिलचस्प तो ये है कि शादी की फोटो में भी सुअरों को खासतौर पर शामिल किया जाता है। आप सोच रहे होंगे कि आखिर सुअरों को शादी में शामिल किया क्यों जाता है? तो इसके पीछे काफी कल्चरल वजह है। चीन में हर साल को एक जीव का नाम दिया जाता है। यहां शादी करने के लिए वे कपल्स आते हैं, जिनका जन्म ईयर ऑफ पिग में हुआ था। वे जानवरों से अपना जुड़ाव महसूस करते हैं और उन्हें शादी में शामिल करना चाहते हैं। वैसे इस फार्म में लोगों को घुमाया भी जाता है और उनसे जुड़ी सारी जानकारियां भी दी जाती हैं।

# कैग रिपोर्ट को लेकर एलजी व आप में ठनी

## उपराज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को लिखा पत्र

» मंत्री आतिशी बोलीं- जल्द पटल पर रखेंगे रिपोर्ट

» विधानसभा और जनता की जांच से बच रही सरकार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट को दिल्ली विधानसभा में पेश करने के लिए उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने कैग की 11 रिपोर्ट को पेश नहीं किया। साथ ही आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार जानबूझकर इन्हें विधानसभा में प्रस्तुत करने से बच रही है। पत्र में एलजी ने विधानसभा अध्यक्ष से कहा कि सुनिश्चित करें कि ये रिपोर्ट जल्द से जल्द विधानसभा में रखी जाएं। उधर, दिल्ली सरकार के सूत्रों का कहना है कि रिपोर्ट जल्द ही विधानसभा के पटल पर रखी जाएगी।

पत्र में एलजी ने लिखा कि इनमें राज्य वित्त, प्रदूषण निवारण, दिल्ली में शराब का विनियमन और आपूर्ति, विनियोग खाते, सार्वजनिक उपक्रमों और सामाजिक व सामान्य क्षेत्रों से संबंधित तथा देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों पर निष्पादन लेखा परीक्षा से संबंधित रिपोर्ट हैं। ये रिपोर्ट वित्त मंत्री आतिशी के पास लंबित हैं। इनमें से कुछ कैग की रिपोर्ट 2022 से लंबित हैं। वर्ष 2017-18 से वर्ष 2021-22 की अवधि के लिए दिल्ली में शराब के विनियमन और आपूर्ति पर प्रदर्शन ऑडिट पर कैग रिपोर्ट चार मार्च 2024 को दिल्ली सरकार को भेजी गई थी। यह मंत्री आतिशी के पास 11 अप्रैल 2024 से लंबित हैं। दिल्ली में शराब के विनियमन और आपूर्ति पर प्रदर्शन ऑडिट की कैग रिपोर्ट दिल्ली सरकार की विवादास्पद और विफल आबकारी नीति को लेकर महत्वपूर्ण है। इसकी मदद से दिल्ली सरकार में हुए बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद रद्द कर दिया था। 22 फरवरी 2024 को एलजी ने इन रिपोर्ट के लंबित होने के बारे में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी पत्र लिखा था। साथ ही कहा था कि वित्त मंत्री को सलाह दें कि वे उन्हें जल्द से जल्द विधानसभा के समक्ष रखें। एलजी ने पत्र में लिखा कि विधानसभा में कैग रिपोर्ट न रखकर सरकार विधानसभा और जनता की जांच से बच रही है। यह लोकतांत्रिक जवाबदेही के आधार को कमजोर करती है। इससे पहले भी दिल्ली सरकार ने जल बोर्ड और दिल्ली में निजी बिजली वितरण कंपनियों के प्रदर्शन सहित कई कैग रिपोर्ट को कई साल तक लंबित रखा था। इसे लेकर एलजी को देरी की शिकायत करनी पड़ी थी।



### केजरीवाल जेल से जल्द आएंगे बाहर : सिसोदिया

पूर्व डिप्टी सीएम ने शुरू की पदयात्रा उमड़ी भीड़

दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आप नेता मनीष सिसोदिया की पदयात्रा का आगाज हो चुका है। शनिवार सुबह मनीष सिसोदिया दिल्ली से सबसे प्राचीन कालकाजी मंदिर पहुंचे और मां कालका का आशीर्वाद लिया। इससे पहले सिसोदिया कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पहुंचे थे। पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि जेल से बाहर आने के बाद मैं कालकाजी मंदिर में प्रार्थना करने पहुंचा। मैंने दिल्ली की जनता की प्रार्थना सुनने के लिए भगवान का शुक्रिया अदा किया। मुझे उम्मीद है कि अरविंद केजरीवाल भी जल्द ही जेल से बाहर आएंगे। सभी विधानसभा क्षेत्रों से गुजरने वाली पदयात्रा की शुरुआत कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज के निर्वाचन क्षेत्र ग्रेटर कैलाश से हुई। पदयात्रा के पहले दिन सिसोदिया ग्रेटर कैलाश की अलकनंदा मार्केट पहुंचे, जहां लोगों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान सिसोदिया को खुद के बीच देखकर लोगों के चेहरे खिल उठे। बच्चों द्वारा हाथ से लिखे 'वेलकम बैक मनीष सिसोदिया सर' का पोस्टर देख सिसोदिया अभिभूत हो गए और सिर पर हाथ रखकर उनको आशीर्वाद दिया। वहीं, उन्हें देखकर महिलाओं का दर्द भी छलक उठा और उन्होंने राखी बांद कर उनकी लंबी उम्र की कामना की। सिसोदिया ने पदयात्रा के दौरान दुकानदारों-रेहड़ी पटरीवालों, महिलाओं और आम लोगों से हाथ मिलाकर उनका हालचाल पूछा। उन्होंने उनसे दिल्ली सरकार के कामकाज का फीडबैक लिया। मनीष सिसोदिया ने कई लोगों को गले गलाया। इस अवसर पर सिसोदिया से मिलने के लिए सड़कों पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने उनके स्वागत में पुष्पवर्षा की और फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। सिसोदिया ने हाथ जोड़कर सभी का अभिवादन स्वीकार किया। सिसोदिया को अपने बीच देखकर लोग काफी उत्साहित दिखे। कई युवा, महिलाएं और समर्थकों ने उनके साथ तस्वीरें खिंचवाई।

# क्या सीएम ममता से डरते हैं राहुल गांधी : राधिका खेड़ा

» कोलकाता डॉक्टर मर्डर केस पर भाजपा ने किया सवाल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

शिमला। भाजपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना ने देश को झकझोर के रख दिया है। देशभर के डॉक्टर जगह-जगह विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। जिस तरह की दरिंदगी हुई है, उसकी तुलना दिल्ली में हुए निर्भया मामला से की जा रही है। वहीं, इस बेहद शर्मनाक और संवेदनशील घटना पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सरकार का रवैया कम आश्चर्यजनक नहीं है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को इस घटना को समझने में पांच दिन लग गए। वह इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं। इससे साफ हो गया है कि वह ममता से डरते हैं। इस घटना के बाद आरोपियों को पकड़ने की बजाय पुलिस और मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने मामले में जिस तरह की लीपापोती की, उससे साजिश वाला शक और ज्यादा गहरा गया है। अब जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट सबके सामने है तो ममता सरकार और पुलिस के पास जवाब नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर डॉक्टर दावा कर रहे हैं कि इस अपराध में एक से ज्यादा आरोपी शामिल हैं। ऐसे में क्या सिर्फ एक आरोपी को गिरफ्तार कर किसी और बचाने की भूमिका तैयार की गई है।



# शहर का कचरा उठाने वाली गाड़ियां बनीं कूड़ा!

» 10 हजार से ज्यादा घरों में कूड़ा उठाने में हो रही दिक्कत

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। शहर में बेहतर की सफाई व्यवस्था दावे को नगर निगम खुद ही पूरा नहीं करना चाहता है। कूड़ा उठाने वाले गाड़ियां एक बार खराब हो जाती है तो महीनों उनकी मरम्मत नहीं की जाती। इसकी वजह से डोर टू डोर कूड़ा उठाने के साथ साथ खाली प्लाट से भी कूड़ा उठाने का काम प्रभावित हो रहा है। दूसरी तरफ से केवल जोन आठ में ही 17 गाड़ियां काफी समय से खराब पड़ी है। नगर निगम आरआर विभाग में इन गाड़ियों को करीब डेढ़ साल से बनने के लिए दिया गया है।

उसके बाद भी यह सही नहीं हो पा रही है। इन गाड़ियों की वजह से कम से कम 10 हजार से ज्यादा घरों में कूड़ा उठाने से लेकर उसको शिवरी प्लांट पहुंचाने का काम प्रभावित हो जाता है। हालांकि उसके बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हो रहा है। जोन आठ में करीब एक लाख से ज्यादा मकान है, जहां से प्रतिदिन डोर डू डोर कूड़ा उठता है। वर्कशॉप में गाड़ियों के मरम्मत का ही काम होता है। उसके बाद भी अगर गाड़ियां ठीक नहीं हो रही है तो यह नगर निगम के सिस्टम पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। सफाई व्यवस्था ठीक न होने की वजह से स्वच्छता रैंकिंग में लखनऊ नगर निगम लगातार पीछे होते जा रहा है। पिछले 3 साल के अंदर नगर निगम लखनऊ 11 से 44 स्थान पर पहुंच गया है।





स्वच्छता रैंकिंग पर पड़ रहा असर

### वायरिंग और स्टार्टिंग की समस्या भी नहीं हो रही ठीक

बड़ी बात यह है कि ज्यादातर खराब गाड़ियों में समस्या बहुत छोटी है। इसमें गेयर, स्टार्टिंग और वायरिंग से जुड़ी समस्याएं है। यह समस्याएं ठीक नहीं होने से यह गाड़ियां जोन में खड़ी है। 17 गाड़ियों के अलावा 7 ऐसी गाड़ियां है जो आरआर विभाग के कार्यशाला में खड़ी है। हालांकि यह गाड़ियां तीन से चार महीने से ही खड़ी है। इन गाड़ियों में भी टायर और ट्यूब के अलावा स्टार्टिंग की समस्या है।

# मप्र में कांग्रेसियों को यातनाएं दी जा रहीं : पटवारी

» सीएम मोहन यादव व विजयवर्गीय पर उठाए सवाल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

उज्जैन। मप्र के मुख्यमंत्री के गृह नगर में कांग्रेस का हल्ला बोल आयोजन वैसे तो कई मुद्दों और समस्याओं पर आधारित था, लेकिन इस कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने जमकर भाजपाइयों पर निशाना साधा। कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को यहां यातनाएं दी जा रही हैं। भाजपा के लोग भी मुख्यमंत्री की कार्यशैली से धाप गए हैं, लेकिन हम सभी को बताना चाहते हैं कि किसी के भी साथ अन्याय होगा तो भले ही वह छोटा सा कस्बा हो या गांव या कोई शहर कांग्रेस सदा आपके साथ खड़ी नजर आएगी।

### दिग्विजय सिंह ने सीएम को लिखा पत्र

दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री को लिखा कि मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 में अधिसूचित प्याज और लहसुन के विक्रय के संबंध में आपका ध्यान आकर्षित कराना चाह रहा हूं। मंडी एक्ट में प्याज को अनुसूची आठ अन्तर्गत घोषित सब्जियों की सूची में रखा गया है। वहीं लहसुन को अनुसूची दस के तहत चटनी मसाला का भाग माना गया है। मध्यप्रदेश में कृषि उपजों को बेचे जाने के लिये कृषि उपज मंडी अधिसूचित है। राज्य मंडी बोर्ड अनाज बेचे जाने की प्रक्रिया के संबंध में ''कृषि उपज उपविधि सन 2000'' का प्रकाशन किया था। इसी प्रकार सब्जियों को बेचे जाने के ''फल-सब्जी विपणन उपविधि 2000'' लागू की थी।

कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को लेकर अपनी बात कही तो वहीं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा भी भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय को आडे हाथों लेते नजर आए। हल्ला बोल कार्यक्रम के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि यह बाबा महाकाल की नगरी है, लेकिन यहीं पर सरकार का दोहन हो रहा है। यहां से शराब गुजरात भेजी जा रही है। जब भी मुख्यमंत्री किसी नगर के रहते हैं तो वहां के लोगों को उन पर गर्व होता है लेकिन 7 माह से उज्जैन के लोग डरे हुए हैं।



### भाजपा सरकार की दोहरी नीतियां खतरनाक : सज्जन

इनके साथ ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सज्जन सिंह वर्मा ने हल्ला बोल के बारे में बताते हुए कहा कि यह भाजपा सरकार की दोहरी नीतियों के खिलाफ एक प्रदर्शन है। अब तक यह इंदौर, छतरपुर, सागर और मुख्यमंत्री के गृह नगर उज्जैन में हो रहा है इसके बाद यह संभाग व जिला स्तर पर भी आयोजित होगा। हल्ला बोल के माध्यम से हम भाजपा का पर्दाफाश करने बेरोजगारों की आवाज बनने...मजलूम किसानों की आवाज उठाने के साथ ही यह आंदोलन प्रदेश भर में कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मक्खी और मच्छर कहे जाने पर कहा कि कैलाश विजयवर्गीय को क्रांतिवीर फिल्म देखने की आवश्यकता है, क्योंकि उसमें नाना पाटेकर का एक डायलॉग है कि एक मच्छर आदमी को .... बना सकता है। कैलाश विजयवर्गीय को किसी के बारे में ऐसी बात नहीं करना चाहिए। वह भी और हम भी बोनस की जिंदगी जी रहे हैं, अब हमें हम उम्र का पड़ाव लेकर गंभीर होना पड़ेगा।








फोटो: सुमित कुमार

**आक्रोश** लखनऊ के आसपास के लगभग 1500 किसान आज सुबह ट्रैक्टर ट्रॉली में बैठकर अपना विरोध जताने के लिए हजरतगंज पहुंचे। किसानों का कहना है कि स्थानीय प्रशासन जबरदस्ती चकबंदी करके उनकी जमीन कुछ खास लोगों को देना चाहता है।

# मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना केवल चुनावी हथकंडा: आदित्य ठाकरे

## पूर्व मंत्री ने कहा- परिवार के मुखिया और लालची लोगों के बीच फर्क करना जानती हैं महिलाएं

### » यूबीटी शिवसेना नेता का सीएम शिंदे व भाजपा पर वार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

मुंबई। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और शिवसेना-यूबीटी के आदित्य ठाकरे ने राज्य की शिंदे सरकार पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना केवल चुनाव तक के लिए है, उन्होंने साथ ही कहा कि राज्य की महिलाओं को लोगों को परखना आता है और वे संस्कारी परिवार के मुखिया और लालची लोगों के बीच फर्क करना जानती हैं।

उन्होंने माझी लड़की बहिन योजना को लेकर कहा, योजना के बारे में कोई राय बनाने से पहले, 2022,23 और 2024 की बजट घोषणा को देखें, इनमें से किसी को पूरा नहीं किया गया। सूत्रों के मुताबिक यह योजना केवल अक्टूबर या नवंबर तक चलेगी। वे अपने प्रचार के लिए 300 करोड़ रुपये खर्च कर रहे हैं। अगर बहना अगर वास्तव में उन्हें प्यारी होतीं तो उनके मंत्री महिलाओं को टीवी पर अभद्रत बातें नहीं कह रहे होते। क्या महिलाओं को लुभाने के लिए यह स्कीम लाई गई है?



### राज्य का वित्त राज्य के कल्याण के लिए

अगर महाविकास अघाड़ी सत्ता में आती है तो उससे इस योजना को बरकरार रखने की उम्मीद की जाएगी, क्या यह राजस्व पर भार नहीं होगा? आदित्य ने कहा कि राज्य का वित्त राज्य के कल्याण के लिए होता है। जिस तरह से महंगाई और बेरोजगारी की आज स्थिति है, ऐसे सपोर्ट की जरूरत है। लेकिन इसके लिए मंशा अच्छी होनी चाहिए।

### गुजरात से चल रही है महाराष्ट्र की सरकार

क्या आपको लगता है कि जनता का सरकार से असंतोष अभी तक बरकरार है और या महायुति ने इस मुद्दे का समाधान कर दिया है? आदित्य ने कहा कि यह सरकार संविधान विरोधी, महाराष्ट्र विरोधी है और गुजरात से चल रही है। हर तरफ असंतोष है। भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था की खराब स्थिति इस सरकार की पहचान बन गई है।

# बिहार में फिर ढहा पुल, कोई हताहत नहीं

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

पटना। बिहार में गंगा नदी पर निर्माणाधीन अगुवानी-सुल्तानगंज पुल का एक हिस्सा शनिवार सुबह ढह गया। खगड़िया के जिला मजिस्ट्रेट अमित कुमार पांडे ने पुष्टि की कि यह घटना सुबह करीब 8 बजे हुई, लेकिन किसी के हताहत होने या घायल होने की कोई खबर नहीं है।

बिहार में गंगा नदी पर निर्माणाधीन अगुवानी-सुल्तानगंज पुल का एक हिस्सा शनिवार सुबह ढह गया। खगड़िया के जिला मजिस्ट्रेट अमित कुमार पांडे ने पुष्टि की कि यह घटना सुबह करीब 8 बजे हुई, लेकिन किसी के हताहत होने या घायल होने की कोई खबर नहीं है। घटना के विवरण के बारे में विस्तार से बताते हुए खगड़िया के जिला मजिस्ट्रेट अमित कुमार पांडे ने बताया कि पुल, जो संरचनात्मक मुद्दों से ग्रस्त है, को पटना उच्च न्यायालय के निर्देश के तहत ठेकेदार द्वारा पहले ही ढहाने की योजना बनाई गई थी।

# लखनऊ एयरपोर्ट के कार्गो में रेडियो एक्टिव मटेरियल लीक, दो कर्मी हुए बेहोश, एरिया कराया गया खाली

### » सीआईएसएफ और एनडीआरएफ ने जांच शुरू की

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। लखनऊ एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 पर लखनऊ से गुवाहाटी जा रहे विमान में एक बॉक्स में कैंसर की दवाएं भेजी जा रही थीं। लगेज स्कैनर से जांच के दौरान बीप सुनाई दी।

कैंसर की दवा का बॉक्स खोल दिया गया। उसको सुरक्षित करने में जिस रेडियो एक्टिव मटेरियल का इस्तेमाल होता है वो लीक हो गया। मौके पर दो कार्गो कर्मचारी बेहोश हो गए, यात्रियों के बीच भगदड़ मच गई। टर्मिनल 3 खाली कराकर सीआईएसएफ और एनडीआरएफ को सौंप दिया गया है।

एयरपोर्ट प्रवक्ता ने कैंसर की दवा से इसके लीक होने की पुष्टि की है। एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट अनिल पाल भी कानपुर से एयरपोर्ट पहुंचे हैं। वह वहां ट्रेन हादसे में गए थे।



फोटो: 4पीएम



**औचक निरीक्षण** लखनऊ। वित्त मंत्री व लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने नगर की सफाई व्यवस्था को देखने के लिए किया औचक निरीक्षण। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आदेशित किया कि खाली पड़े प्लाटों को चिन्हित कर उनके मालिकों को नोटिस देकर उनकी बाउंड्री वॉल करवाई जाए प्रत्येक वार्ड के सभी गलियों में सफाई कर्मी नियुक्त हो तथा उनका नाम व नंबर भी डिस्प्ले किया जाए।

# मध्य प्रदेश में कई वाहनों की टक्कर, तीन लोगों की मौत

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

भोपाल। मध्य प्रदेश के नीमच जिले में शनिवार सुबह तीन वाहनों की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई और कम से कम पांच लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि यह हादसा नीमच-चित्तौड़गढ़ मार्ग पर हुआ।

### » नीमच में हुआ हादसा पांच घायल

पुलिस अधीक्षक (एसपी) अंकित जायसवाल के अनुसार, हादसे में एक पुलिस वाहन, एक पिकअप वैन और एक ट्रक शामिल थे। उन्होंने प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से बताया कि पिकअप वाहन और पुलिस वाहन सड़क के किनारे खड़े थे, तभी हरियाणा के पंजीकरण नंबर वाले एक ट्रक ने पिकअप वाहन को टक्कर मार दी, जो पुलिस वाहन से जा टकराई। टक्कर के कारण पुलिस वाहन पलट गया। जायसवाल ने बताया कि इंदौर से अजमेर जा रहे पिकअप वाहन में सवार दो लोगों और पुलिस वाहन के निजी चालक की दुर्घटना में मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में कम से कम पांच लोग घायल भी हुए हैं। जायसवाल के अनुसार, पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है, जबकि उसका चालक फरार हो गया। उन्होंने कहा कि पुलिस चालक का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

# यूपी में फिर रेल हादसा, साबरमती एक्सप्रेस के 22 डिब्बे पटरी से उतरे

### » कानपुर के पास पटरी पर कुछ अज्ञात वस्तु टकराने से हुई घटना

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

कानपुर। वाराणसी से साबरमती जा रही साबरमती एक्सप्रेस के 22 डिब्बे शनिवार सुबह उत्तर प्रदेश के कानपुर के पास पटरी से उतर गए, जिससे यात्रियों में दहशत फैल गई। यह हादसा ट्रेन के कानपुर से रवाना होने के कुछ ही देर बाद हुआ, और भीमसेन के पास पटरी से उतरने की घटना हुई।

उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) के वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी नेबताया कि यह घटना सुबह 2:30 बजे हुई। तेज आवाज के बाद जब ट्रेन रुकी, तो यात्री सो रहे थे। पुलिस और प्रशासनिक कर्मियों सहित आपातकालीन टीमें मौके पर मौजूद हैं। सभी यात्रियों को सुरक्षित बचा लिया गया और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स से कहा,आज सुबह 02:35 बजे साबरमती एक्सप्रेस (वाराणसी से अमदावाद) का इंजन ट्रैक पर रखी किसी वस्तु से टकराया और कानपुर के पास पटरी से उतर गया। चोट के निशान मिले हैं। साक्ष्य सुरक्षित रखे गए हैं। आईबी और यूपी पुलिस भी इस पर काम कर रही है।



### मार्ग पूरी तरह से बंद

मार्ग को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। यह खंड कानपुर से मुंबई की ओर जाने वाली ट्रेनों के लिए एक महत्वपूर्ण मार्ग है। रेलवे ने कहा कि पटरी से उतरने के कारण सात ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं और तीन का मार्ग बदल दिया गया है।






स्वामी 4 पीएम न्यूज नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **संजय शर्मा** द्वारा आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से मुद्रित एवं 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से प्रकाशित। **संपादक** - संजय शर्मा, **विधि सलाहकार**: सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, **वित्तीय सलाहकार**: संदीप बंसल, **कार्टूनिस्ट**: हसन जैदी, **दूरभाष**: 0522- 4078371 | **Email**: daily4pm@gmail.com | **website:** www.4pm.co.in |
**RNI-UPHIN/2015/62233** डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।